1056
16.1.20

बिहार सरकार
कला, संस्कृति एवं युवा विभाग

ज्ञाप संख्या–5पुरा / न्या.–01 / 2017 (खण्ड)..... / पटना, दिनांक ..... / 2020

सेवा में,

महालेखाकार, बिहार (ले० एवं ह०)
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

विषयः– राज्य सरकार द्वारा सुरक्षित घोषित स्मारक कमलदह जैन मंदिर, गुलजारबाग, पटना सिटी, पटना के संरक्षण एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य हेतु मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना द्वारा तकनीकी रूप से अनुमोदित (लैण्डस्कैपिंग, पाथवे एवं सिटिंग बैंच को छोड़कर) कुल ₹ 52,00,100 / – (बावन लाख एक सौ रूपये) मात्र के प्राक्कलन की प्रशासनिक स्वीकृति।

आदेशः– स्वीकृत।

2. व्यय का विकलन वर्तमान वित्तीय वर्ष 2019–20 में मांग संख्या–03 के अधीन बजट शीर्ष 4059–लोक निर्माण कार्य पर पूँजीगत परिव्यय–60–अन्य भवन–051–निर्माण–0107–सांस्कृतिक संरचना, विपत्र कोड 03–4059600510107 के अन्तर्गत विषय शीर्ष 5301–मुख्य निर्माण कार्य में उपबंधित राशि से होगा।

3. उक्त बजट के नियंत्री पदाधिकारी प्रधान सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना हैं जिनके द्वारा स्वीकृत राशि का आवंटन एवं व्यय का अनुश्रवण किया जायेगा।

4. राशि की निकासी भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना के सम्बन्धित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी द्वारा सचिवालय कोषागार, विश्वेश्वरैया भवन, पटना से की जाएगी एवं कार्यान्वयन हेतु राशि कार्यकारी एजेन्सी, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना को उपलब्ध कराई जाएगी जिनके द्वारा प्रशासनिक स्वीकृत प्राक्कलन के अनुरूप कार्य सम्पादित कराया जायेगा।

5. बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना द्वारा प्रशासनिक स्वीकृत प्राक्कलन के अनुरूप कार्य सम्पादन के उपरान्त कला, संस्कृति एवं युवा विभाग एवं भवन निर्माण विभाग को कार्यान्वयन प्रतिवेदन एवं व्यय विवरणी समर्पित किया जायेगा।

6. वित्त विभाग के संकल्प संख्या–3758 दिनांक 31.05.2017 में निहित प्रावधानों के आलोक में राशि की स्वीकृति के प्रस्ताव में प्रधान सचिव के माध्यम से माननीय विभागीय मंत्री का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,
ह0 / –
(तारानन्द महतो वियोगी)
सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक..... / पटना, दिनांकः..... / 2020

प्रतिलिपिः– कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विश्वेश्वरैया भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0 / –
(तारानन्द महतो वियोगी)
सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक 539 / पटना, दिनांकः 13/01 / 2020

प्रतिलिपिः– प्रधान सचिव / निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

16.1.20
(तारानन्द महतो वियोगी)
सरकार के उप सचिव।

324 16/1/20 16.1.20